कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-29.06.2024

विषयः- थाना शिवपुर क्षेत्रान्तर्गत घर में हुई चोरी की घटनाओं से संबंधित 06 नफर शातिर चोर थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के आभूषण, 05 अदद मोबाइल व 6700/- नगद व चोरी की घटनाओं में प्रयुक्त लोहे की छड़ बरामद ।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम, चोरी/लूट/हत्या की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैंट के नेतृत्व में थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा इलेक्ट्रानिक साक्ष्य व मुखबिर की सहायता से थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी के विभिन्न मुकदमों से संबंधित वांछित अभियुक्तगण 1. बनारसी पुत्र बालकिशुन निवासी ग्राम ऐढ़े थाना लालपुर पाण्डेयपुर जनपद वाराणसी व 2. अनिल वर्मा पुत्र स्व. दुर्गाप्रसाद निवासी ग्राम बेलवरिया थाना शिवपुर जनपद वाराणसी व 04 नफर बाल अपचारीगण को दिनांक 28.06.2024 को समय करीब 18.20 बजे लोढ़ान प्राइमरी स्कूल शिवपुर जनपद वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण/ बाल अपचारीगण के कब्जे से चोरी के आभूषण, 05 अदद मोबाइल व 6700/- नगद व चोरी की घटनाओं में प्रयुक्त लोहे की छड़ बरामद हुई। उक्त गिरफ़्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना शिवपुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

उक्त सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम को श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन महोदय द्वारा 10000/- रु0 इनाम की घोषणा की गयी ।

अपराध का तरीका – अभियुक्तगण/बाल अपचारीगण रात में लोगो के बंद घरों के ताले तोड़कर उसमें से नकदी व जेवरात चोरी करके बेचते हैं। ये बाल अपचारीगण निर्माणाधीन मकानों में लेबर का कार्य करते हैं । साथ ही कूड़ा बिनने का कार्य भी करते हैं। कार्य के दौरान जिन घरों में ताला बन्द रहता है, उन घरों की पहचान कर लेते हैं तथा निर्माणाधीन मकानों मे काम करने के दौरान छोटा छड़ का टुकड़ा लेकर छुपा देते हैं । बाद में रात में घर से निकलकर वही छड़ लेकर हम लोग दरवाजे में लगे ताले को तोड़कर घर के अन्दर घुस जाते हैं तथा चोरी करने के बाद छड़ को निर्माणाधीन मकान के पास ही फेंक कर चले आते है । सभी घरो से चोरी किये गये कुछ सोने व चाँदी के सामानों को कपड़े की पोटली मे बाँधकर राहगीरों को बेच देते हैं। जो पैसा मिलता है आपस में बांट लेते हैं। कुछ सोने-चांदी के आभूषण अभियुक्त अनिल वर्मा के पास बेच देते हैं जो इन बालकों से चोरी का माल खरीद लेता है। और इनको थोड़ा बहुत रुपया दे दिया करता था तथा चोरी का माल होने की वजह से अभियुक्त अनिल वर्मा उसी दिन गला देता था जिसे बाद मे बेच देता था। चोरी किये गये मोबाइलों के सम्बन्ध में बता रहे हैं कि राह चलते

लोगों की जेब से भीड़-भाड़ वाले बाजारों में से सब्जी, फल वाले ठेलों से, कभी साथ मे काम करने वाले लेबरों से चोरी कर लिया करते हैं और इन मोबाइलों को बेच दिया करते हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. बनारसी पुत्र बालकिशुन निवासी ग्राम ऐढ़े थाना लालपुर पाण्डेयपुर जनपद वाराणसी उम्र करीब 20 वर्ष।
2. अनिल वर्मा पुत्र स्व. दुर्गाप्रसाद निवासी ग्राम बेलवरिया थाना शिवपुर जनपद वाराणसी उम्र करीब 45 वर्ष।

व 04 नफर बाल अपचारीगण

गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान- दिनांक 28.06.2024 को समय करीब 18.20 बजे स्थान- लोढ़ान प्राइमरी स्कूल शिवपुर जनपद वाराणसी।

बरामदगी विवरण- चोरी के आभूषण, 05 अदद मोबाइल व 6700/- नगद व चोरी की घटनाओं में प्रयुक्त लोहे की छड़ ।

आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 0242/24 धारा 457,380,411,414 भादवि थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. मु0अ0सं0 0253/24 धारा 457,380,411,414 भादवि थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. मु0अ0सं0 0235/24 धारा 457,380,411,414 भादवि थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. मु0अ0सं0 0227/24 धारा 457,380,411,414 भादवि थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
5. मु0अ0सं0 0262/24 धारा 457,380,411,414 भादवि थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
6. मु0अ0सं0 092/24 धारा 454,380,411,414 भादवि थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्रभारी निरीक्षक रविशंकर त्रिपाठी थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 अनन्त कुमार मिश्रा थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 आशुतोष त्रिपाठी थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. उ0नि0 अनुज कुमार थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
5. उ0नि0 गौरव सिंह थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
6. हे0का0 राजेश कुमार सिंह थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
7. हे0का0 विनीत कुमार तिवारी थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
8. का0 बालमुकुन्द मौर्य थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
9. का0 ज्ञानेन्द्र यादव थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
10. का0 अजीत गौड़ थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी